# मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 'स्वच्छता लीग मैराथन' का किया शुभारंभ

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर परेड ग्राउंड में निगम की ओर से आयोजित 'स्वच्छता लीग मैराथन' का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा केदार, भगवान बदरीविशाल और मां गंगा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ और दीघार्यु होने की कामना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर अपने ट्विटर संदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उन्हें विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय नेता बताया। उन्होंने बाबा केदार से प्रार्थना है कि आपके कुशल नेतृत्व में देश



उत्तरोत्तर प्रगति करते हुए विकास के नए आयाम स्थापित करे। देवाधिदेव महादेव से आपके स्वस्थ, सुदीर्घ एवं सुयशपूर्ण जीवन की कामना करता हूं। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अब तक के 09 साल के कार्यकाल में देश ने अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। आज पूरे विश्व में भारत का मान, सम्मान और स्वाभिमान बढ़ा है। वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ी है। विश्व के अनेक देशों में 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है। इसे वैश्विक स्तर पर ले जाने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 की देशभर में 200 से भी अधिक स्थानों पर बैठकें हुईं। जी-20 की तीन बैठकें आयोजित करने का अवसर उत्तराखंड को भी मिला। इस समिट में भारत की संस्कृति और सामर्थ्य को विश्व ने देखा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 को वैश्विक स्तर पर मिलेट वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत के श्री अन्न को वैश्विक स्तर पर अलग पहचान दिलाने का कार्य किया है। आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का देवभूमि उत्तराखंड से विशेष लगाव है। उन्होंने बाबा केदारनाथ की भूमि से कहा था कि इक्कीसवीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री के सहयोग से राज्य में सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी का राज्य में तेजी से विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी के कालखण्ड में राज्य को डेढ़ लाख करोड़ से अधिक योजनाएं मिली हैं।

# कार्य के प्रति पूर्ण समर्पण ही, विश्वकर्मा पूजन का मूल तत्व है : प्रवीण चन्द्र झा

**विश्वकर्मा जयंती**

8 भगवान विश्वकर्मा की जयंती आज बीएचईएल हरिद्वार में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी।

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हस्तशिल्प, उद्योग, अभियांत्रिकी और वास्तु के आराध्य भगवान विश्वकर्मा की जयंती दिवस आज बीएचईएल हरिद्वार में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर बीएचईएल की दोनों इकाइयों, हीप और सीएफएफपी में ह्यश्री विश्वकर्मा पूजनह्न का आयोजन किया गया। बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक प्रवीण चन्द्र झा ने दोनों ही इकाइयों में आयोजित पूजा अनुष्ठानों में



सहभागिता की।
विश्वकर्मा जयंती पर सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रवीण चन्द्र झा ने कहा कि विश्वकर्मा पूजन हमें संदेश देता है कि मानव जगत के कल्याण को किया गया प्रत्येक कार्य, ईश्वर की उपासना के समान है। उन्होंने निष्काम कर्म की भावना पर बल देते हुए कहा कि सद्कर्म का परिणाम हमेशा सुखद ही होता है। उन्होंने बताया कि अपने कार्य के प्रति पूर्ण समर्पण ही विश्वकर्मा पूजन का मूल तत्व है।

## तुंगनाथ मंदिर छतरी का नव निर्माण शुरू

**गुप्तकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति ने विश्व में सबसे ऊंचाई पर स्थित शिव मंदिर तृतीय केदार तुंगनाथ मंदिर की जीर्ण-शीर्ण छतरी का जीर्णोद्धार कार्य विधि विधान पूजा-अर्चना के पश्चात आज से शुरू कर दिया है।
छतरी का दानीदाता के सहयोग से देवदार की लकड़ी से पहले की तरह नव निर्माण किया जा रहा है। जीर्णोद्धार कार्य उचित ढ़ंग से हो सके, इसके लिए मंदिर के कलश को भी उतारा गया है।
उल्लेखनीय है तेरह हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित पंच केदार में शुमार तुंगनाथ मंदिर में भगवान शिव के बाहु और हृदय भाग की पूजा होती है।

# मसूरी के द रिंक पवेलियन होटल में लगी भीषण आग, कोई जनहानि नहीं

**भीषण आग**

8 भीषण आग से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग से होटल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया

**देहरादून/मसूरी/टीम एक्शन इंडिया** मसूरी कैमल बैक रोड पर कुलड़ी मस्जिद के सामने द रिंक पवेलियन होटल में रविवार को तड़के भीषण आग लग गई। इससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग से होटल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई।
आग की सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस, फायर सर्विस मौके पर



पहुंची और आग को बुझाने में लग गई, लेकिन आग काफी भीषण थी। इसको लेकर प्रशासन और पुलिस ने मसूरी स्थित भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल का मदद के लिये बुलाया। इसके बाद आईटीबीपी पुलिस बल के जवान दो फायर टेंडर के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए।
होटल के कर्मचारी मनवीर भंडारी और दीपक कुमार ने बताया कि रात को वह होटल के स्टाफ रूम में सो रहे थे कि देर रात को होटल के मालिक अनिरुद्ध प्रताप ने उनको फोन किया कि होटल में आग लग गई है और वह अपने कमरे में फंस गए हैं। उनको निकालने के लिये होटल कर्मचारी उनके कमरे की छत से कमरे में पहुंचे और खिड़की के शीशे को तोड़कर मालिक को बाहर निकाला।
वह इस घटना में होटल का कर्मचारी घायल हो गया। करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद भी आग पर पूरी तरह से काबू नही पाया नही जा सका था।
भीषण आग को देखते हुए मसूरी फायर सर्विस ने देहरादून से भी दो फायर टेंडर बुलाए गए। होटल के नीचे खड़ी गाड़ियों में से दो गाड़ियां भी आग की चपेट में आकर जल गईं। बताया जा रहा है कि होटल में पुनर्निर्माण का काम चल रहा था। रात को शॉर्ट सर्किट से होने से यह हादसा हुआ है। होटल पूरी तरीके से जल चुका है और सड़क किनारे का हिस्सा कभी भी गिर सकता है। इसको देखते हुए पुलिस ने वहां पर लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी है।
मसूरी व्यापार मंडल के अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा द रिंक होटल में देर रात को आग लगी थी। आग ने देखते ही देखते भीषण रूप ले लिया, जिससे होटल का काफी भाग जल गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है। उन्होंने बताया कि सभी विभागों ने आपस में सामंजस्य बनाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर जूना अखाड़ा ने किया महामृत्युंजय यज्ञ



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्मदिन पर श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा में महामृत्युंजय यज्ञ किया गया। यज्ञ में सैकड़ों साधु-संतों ने प्रधानमंत्री मोदी की दीघार्यु की कामना करते हुए आहुतियां दीं। इसके साथ ही विश्वकर्मा जयन्ती पर देवशिल्पी विश्वकर्मा महाराज की भी विशेष पूजा अर्चना की गयी।
जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरिगिरि महाराज ने बताया कि जूना अखाड़े की सिद्वपीठ, हरिद्वार की अधिष्ठात्री देवी मां मायादेवी मन्दिर प्रांगण में महामृत्युंजय यज्ञ के अतिरिक्त पौराणिक तीर्थ भावनाथ मन्दिर जूनागढ़ गुजरात, आनंदेश्वर शिव मन्दिर कानपुर, मौजगिरि मन्दिर प्रयागराज, मनकामेश्वर मठ लखनऊ, दातार अखाड़ा नीलगंगा उज्जैन, त्रयम्बकेश्वर महादेव नासिक, वनखण्डी महादेव बरेली, खेड़ामढ़ी, पीलीभीत, बागनाथ महादेव मन्दिर बागेश्वर, श्रीदुखहरण हनुमान मन्दिर, श्रीमहंत प्रेमगिरि धाम श्यामपुर, श्रीकाली मन्दिर पटियाला सहित अखाड़ा के समस्त शाखाओं में प्रधानमंत्री मोदी की दीघार्यु के लिए विशेष पूजा अर्चना और अनुष्ठान किए गए।
उन्होंने कहा कि यह दुर्लभ संयोग है कि आज ही विश्व के सृजनकर्त्ता देवशिल्पी विश्वकर्मा के अवतरण दिवस और मोदी का जन्मोत्सव साथ-साथ मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी,देवशिल्पी विश्वकर्मा जी की भांति भारत के नव निर्माण में जुटे हुए हैं। सनातन धर्म की रक्षा हिन्दुत्व की स्थापना तथा भारत को विश्वगुरु के रूप में स्थापित करने का जो भागीरथ प्रयास उनके द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए सभी साधु-संत व समस्त अखाड़े व करोड़ों देशवासी उनके साथ हैं।
इस अवसर पर अखाड़े के साधु संतों के नेतृत्व में अनेक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। आयोजनों में अखाड़े के राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत शैलेन्द्र गिरि,श्रीमहंत मनोज गिरि,थानापति महंत धीरेन्द्रपुरी,थानापति कोठारी महाकाल गिरि, थानापति राजेन्द्र गिरि, श्रीमहंत सुरेशानंद, महंत रतन गिरि, महंत महेन्द्र भारती, महंत कुम्भ भारती,महंत भीष्म गिरि,महंत विक्रम गिरि सहित सैकड़ों साधु संतों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने लावारिस मिले बालक को किया परिजनों के सुपुर्द

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ऑपरेशन स्माइल के तहत एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने चार दिन पूर्व हर की पौड़ी क्षेत्र से मिले लावारिस बालक को रेस्क्यू कर आज परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जनपद से बिना बताए हरिद्वार आए इस बालक के मां-बाप का देहांत हो चुका है।
पुलिस कप्तान के पीआरओ विपिन पाठक ने बताया कि 11 वर्षीय अंसुल पुत्र स्वः मूंगा लाल निवासी बलसिंडा पीलीभीत को राजकीय बाल कल्याण समिति के आदेश पर बाल संरक्षण गृह में रखकर परिजनों की तलाश शुरू की गई। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने काफी मशक्कत के बाद बालक के चाचा ओमप्रकाश को खोज निकाला। बालक के चाचा ने बताया कि उसके माता -पिता का बचपन में ही स्वर्गवास हो गया था, तब से यह बालक उनके साथ ही रह रहा है। 24 जुलाई को बालक के घर से बिना बताए कहीं चला गया। उसे काफी दिनों तक रिश्तेदारियों में खोजा गया, लेकिन कुछ पता नहीं चलने पर 30 जुलाई को थाना बिलसंडा में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।
बल कल्याण समिति हरिद्वार के आदेश पर काउंसलिंग के पश्चात बालक अंशुल को चाचा ओमप्रकाश और फूफा रोशन लाल के सुपुर्द किया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर बदरीनाथ-केदारनाथ धाम सहित अधीनस्थ मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना



**बदरीनाथ/ केदारनाथ/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ और केदारनाथ धाम सहित मंदिर समिति के सभी मंदिरों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर रविवार को विशेष पूजा-अर्चना के साथ यज्ञ-हवन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री की आरोग्यता, दीघार्यु और देश के सुख-समृद्धि की कामना की गयी। बदरीनाथ धाम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर उनके नाम गोत्र से आज प्रातः भगवान बदरीविशाल का महाभिषेक हुआ। रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार, प्रभारी अधिकारी गिरीश देवली सहित सभी अधिकारी कर्मचारी एवं तीर्थयात्री मौजूद रहे। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।
केदारनाथ धाम में भी प्रधानमंत्री मोदी के नाम गोत्र से भगवान केदारनाथ का रुद्राभिषेक और भैरवनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना, हवन किया गया। इस अवसर पर पुजारी शिवलिंग और बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह, कार्याधिकारी आरसी तिवारी सहित सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इसी तरह पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में भगवान ओंकारेश्वर की पूजा-अर्चना और अभिषेक किया गया।
बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि नृसिंह मंदिर जोशीमठ सिद्धपीठ कालीमठ द्वितीय केदार मद्महेश्वर, तृतीय केदार तुंगनाथ, विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी, त्रिजुगीनारायण मंदिर, योग बदरी पांडुकेश्वर, गोपाल मंदिर नंदप्रयाग, नव दुर्गा मंदिर टिहरी,चंद्रवदनी मंदिर कारगी चौक देहरादून, भविष्य बदरी मंदिर सुभाई तपोवन( जोशीमठ), वृद्ध बदरी मंदिर, सदगुरु धाम सेरा भरदार (टिहरी) में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूजा अर्चना हुई।

## विधायक ने किया आयुष्मान भव पखवाड़ा का शुभारंभ

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रविवार को विधायक सुरेश चौहान एवं जिला अधिकारी अभिषेक रुहेला ने रिबन काटकर आयुष्मान भव पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक चौहान ने बताया कि पखवाड़े के दौरान आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी वितरण के साथ-साथ सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं आम नागरिकों को मुहैया करायी जायेंगी। विधायक ने सभी नागरिकों से अपील की कि पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लें और स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित हों।

## मोदी के जन्मदिन पर की विशेष पूजा अर्चना

**कामना**

8 मोदी के जन्मदिन पर मा गंगा की आरती की और प्रधानमंत्री मोदी के दीघार्यु की कामना की

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकताओं ने गंगोत्री धाम में विशेष पूजा-अर्चना की। रविवार भाजपा जिलाध्यक्ष सतेंद्र राणा ने कार्यकताओं के साथ गंगोत्री धाम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर मा गंगा की आरती की और प्रधानमंत्री मोदी के दीघार्यु की कामना की। उन्होंने मोदी को देश का चिरकाल तक



नेतृत्व प्रदान करने और भारत मां को विश्वगुरु की पदवी को पुनः प्राप्त होने का आशीर्वाद मांगा। साथ ही मोदी के नेतृत्व में देशके विश्व शक्ति के रूप में स्थापित होने की कामना की।
आरती में गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल , सचिव सुरेश सेमवाल, राजेश सेमवाल एवं पुरोहित समाज मौजूद रहे।

# टनकपुर में 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' का हुआ शुभारंभ

**टनकपुर(चंपावत)/टीम एक्शन इंडिया**
शहरी विकास निदेशालय के निदेर्शानुसार प्रदेश भर में ह्यस्वच्छता ही सेवा पखवाडाह्न शुरू हो गया है। इसके तहत रविवार को नगरपालिका परिषद की ओर से भी पखवाड़ा का शुभारंभ किया, जो 02 अक्टूबर तक मनाया जाएगा।
रविवार को वार्ड नंबर एक शारदा घाट में पालिकाध्यक्ष विपिन कुमार के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर में जागरूकता रैली भी निकाली गई। लोगों को बताया गया कि सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही लोगों को कूड़ा खुले में न डालकर डोर-टू-



डोर आने वाले कूड़ा वाहन में ही डालने को लेकर जागरूक किया गया। लोगों से गीला और सूखा कूड़ा अलग अलग एकत्र करने और सिंगल यूज प्लास्टिक से शहर से मुक्त करने में सहयोग करने की अपील की।
कार्यक्रम का संचालन ईओ भूपेन्द्र प्रकाश जोशी ने किया। इस अवसर पर सभासद कपिल उप्रेती, हसीब अहमद, रईस अहमद, हुमा अंसारी, पूजा टम्टा, तुलसी कुंवर, अमित भट्ट, योगेश पाण्डेय, सविता बिष्ट, लक्ष्मण सिंह बोहरा अवर अभियंता, बसंत राज चन्द, अनुराधा यादव, प्रिया बिष्ट, अर्जुन सिंह, पर्या पर्यवेक्षक राम रतन, उर्मिला देवी, अन्य पर्यावरण मित्र, सीएम कैम्प कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी, पुलिस प्रशासन, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व विद्यार्थी सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर युवा मोर्चा ऋषिकेश ने लगाया रक्तदान शिविर

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर युवा मोर्चा ऋषिकेश और वीरभद्र मंडल की ओर से ऋषिकेश, एम्स में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इस मौके पर रक्तदान करने वाले 100 युवाओं को क्षेत्रीय विधायक और कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने सम्मानित किया।
रविवार को ऋषिकेश एम्स में आयोजित रक्तदान शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री डॉ. अग्रवाल ने किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दृढ़ इच्छाशक्ति एवं विशाल व्यक्तित्व का धनी, कुशल प्रशासक और प्रभावी कार्यसाधक बताते हुए कहा कि दुनिया में आज भारत की जो छवि-पहचान



बनी है, उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व को जाता है। उनके नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना भी साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अच्छा नेतृत्व कैसे सही मार्गदर्शन कर देश को व्यवस्थित ढ़ंग से संचालित करता है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसके उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।
डॉ. अग्रवाल ने कहा कि उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद देश और देशवासियों में आशा, विश्वास और नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उनके नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत का मान, सम्मान एवं स्वाभिमान बढ़ा है। देश में नई कार्य संस्कृति की शुरूआत हुई है। समरस, समर्थ एवं शक्तिशाली भारत की पहचान देश व दुनिया में हुई है।
कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रविन्द्र राणा, मंडल अध्यक्ष ऋषिकेश सुमित पंवार, कार्यक्रम संयोजक जगवार सिंह, निखिल बर्थवाल, जिला महामंत्री दीपक धमीजा, मंडल अध्यक्ष वीरभद्र सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष प्रतीक कालिया, अभिषेक पाल,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिवम टुटेजा, संदीप शर्मा, जय राम शर्मा, सागर गिरी, अभिनव, साकेत, मोहित निद्धु, शरद तोमर, रवि, रंजन अंथवाल आदि उपस्थित रहे।

# मोटरसाइकिल सवार युवक तपोवन में खाई में गिरकर हुआ घायल

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित थाना मुनि की रेती क्षेत्र की पुलिस चौकी ब्यासी अंतर्गत दिल्ली से ऋषिकेश शिवपुरी में कैंपिंग के लिए आया युवक तपोवन में बाइक से ऋषिकेश जाते हुए खाई में गिरकर घायल हो गया।
एसडीआरएफ के प्रभारी निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने बताया कि रविवार की सुबह ब्यासी पुलिस चौकी से सूचना मिली कि एक व्यक्ति दिल्ली से ऋषिकेश शिवपुरी कैंपिंग के लिए आया हुआ था, जो शिवपुरी से ऋषिकेश की ओर



बाइक से जाते समय तपोवन होटल के पास अनियंत्रित होकर लगभग 150 मीटर गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इसके रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है।
इस पर एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम मुख्य आरक्षी महावीर रावत के नेतृत्व में तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करते हुए अत्यधिक विषम परिस्थितियों के बीच रोप द्वारा खाई में 150 मीटर नीचे उतरकर मोटरसाइकिल तक पहुंच बनायी और मौके से एक घायल व्यक्ति को रेस्क्यू कर स्ट्रेचर से मुख्य मार्ग तक पहुंचाया। इसके बाद एम्बुलेंस की सहायता से ऋषिकेश राजकीय अस्पताल भिजवाया। युवक का नाम 24 वर्षीय दीप सिंह निवासी विष्णु गार्डन, दिल्ली बताया गया है।

# महाराज के अनुरोध पर जागरा मेले पर सरकार ने बस संचालन को दी स्वीकृति

**राजकीय मेला पर्व**

**8 18-19 सितम्बर को जागरे के दिन बस सेवा त्यूनी से हनोल, हनोल से त्यूनी तक चलेगी**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
धर्मस्व और पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के अनुरोध पर हिमाचल सरकार ने हनोल स्थित महासू मंदिर में देव दर्शनों के लिए जागरा (देवनायणी) राजकीय मेला पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शिमला और रोड़ू से हनोल जांगड़ा के लिए बसों के संचालन की स्वीकृति दे दी है।

हनोल स्थित महासू मंदिर में 18 और 19 सितम्बर को देव दर्शनों के लिए जागरा (देवनायणी) राजकीय मेला है। सीमावर्ती राज्य हिमाचल से बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए हिमाचल के उप मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज से हुई बातचीत के पश्चात शिमला से हनोल और रोड़ू से हनोल तक के लिए बसों के संचालन की स्वीकृति दे दी है।



मंत्री महाराज के निर्देश पर श्रद्धालुओं के सुविधाजनक आवागमन के लिए उत्तराखंड परिवहन निगम भी हरिद्वार से प्रातः 7:30 बजे से हरिद्वार-देहरादून-विकास नगर वाया चकराता से हनोल तक, देहरादून से प्रातः 6 से से देहरादून-मिनस-हनोल तक, देहरादून से प्रातः 7:30 बजे रोड़वेज बस मसूरी-चकराता-हनोल तक चलेगी।

इसके अलावा शिमला से हनोल, नैरवा-अटाल-हनोल, देहरादून विकास नगर-डामटा-बड़कोट-पुरोला-मोरी-हनोल, उत्तरकाशी से हनोल तक बसों के संचालन की व्यवस्था की गई है।

इतना ही नहीं जागरे के समय टैक्सियों के रेट तय करने के साथ साथ एक सहिया से दसऊ जाने के लिए भी बस और टैक्सियों की व्यवस्था रहेगी।

18-19 सितम्बर को जागरे के दिन बस सेवा त्यूनी से हनोल, हनोल से त्यूनी तक चलेगी।

हनोल स्थित महासू मंदिर में 18 एवं 19 सितम्बर को देव दर्शनों के लिए जागरा (देवनायणी) राजकीय मेला पर्व पर चार विकासखंडों चकराता, कालसी, मोरी और पुरोला के 1 से लेकर 12 वीं कक्षा तक सभी शासकीय अशासकीय एवं निजी विद्यालयों में 18 सितम्बर को एक दिन का सरकारी अवकाश भी घोषित किया गया है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर माता लाल देवी ट्रस्ट ने बांटी खाद्य सामग्री

**सेवा**

**8 सरकारी व गैरसरकारी योजनाओं का लाभ कमजोर वर्ग को प्राप्त होगा, तभी राष्ट्र सशक्त व विकसित बनेगा**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनीति और सत्ता को शक्ति व प्रभाव का माध्यम बनाने के स्थान पर राष्ट्रवाद, संस्कृति, संस्कारों की रक्षा और समाज के कमजोर, दरिद्र वर्ग की सेवा को समर्पित करने का कार्य किया है। इसीलिए असहाय और वंचित वर्ग की सेवा ही प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस की सार्थकता है। यह विचार भाजपा पार्षद दल के उपनेता अनिरुद्ध भाटी ने पूज्य माता लाल देवी ट्रस्ट के प्रबन्धक भक्त दुगार्दास के संयोजन में भाजपा कार्यकताओं के श्री विवेकानन्द कुष्ठ आश्रम में खाद्य सामग्री के वितरण के अवसर पर व्यक्त किये।उन्होंने कहा कि जब विकास की रोशनी समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचेगी। सरकारी व गैरसरकारी योजनाओं का लाभ कमजोर वर्ग को प्राप्त होगा, तभी हमारा राष्ट्र सशक्त व विकसित बनेगा। माता लाल देवी ट्रस्ट के प्रबन्धक भक्त दुगार्दास ने कहा कि पूज्य माता लाल देवी जी सदैव सनातन संस्कृति व समाज कल्याण को समर्पित रहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर ट्रस्ट की ओर से कुष्ठ आश्रम के परिजनों को खाद्य सामग्री का वितरण कर प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिवस मनाया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### नवनियुक्त एसपी रेखा ने महिला अपराध, नशा पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने को बताई प्राथमिकता

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**



चमोली जिले की नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने पदभार ग्रहण करने के बाद रविवार को पत्रकारों से रूबरू होते हुए अपनी प्राथमिकता बताई। उन्होंने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को रोकने के साथ ही महिला सुरक्षा को बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। चमोली जिले को नशा से मुक्त करने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाना और चारधाम यात्रा को सुगमता से संचालित करवाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

एसपी यादव ने कहा कि युवाओं में नशा का प्रचलन बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके लिए युवाओं और अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा और इसको रोकने के लिए कारगर कदम उठाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जनपद की यातायात व्यवस्था को भी चाकचौबंद किया जाएगा। इसके लिए पार्किंग स्थलों को चिह्नीकरण किया जाएगा। कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन हो, इसके लिए आम जनता के साथ संवाद किया और समन्वय भी स्थापित किया जाएगा।

उन्होंने जिले में बेहतर कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने में आमजन के सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि स्थानीय पुलिस आमजन की सेवा, सुरक्षा एवं सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगी।

इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक चमोली प्रमोद शाह, पुलिस उपाधीक्षक आपरेशन नताशा सिंह आदि मौजूद थे।

### स्वास्थ्य मंत्री ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा का किया शुभारंभ

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रविवार को राजकीय दून मेडिकल कालेज से सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। प्रदेश की समस्त 70 विधानसभा क्षेत्रों और तीन अन्य राजकीय मेडिकल कालेजों में रक्तदान शिविर आयोजित किये गये हैं।

इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत ने 50 से अधिक बार रक्तदान कर चुके रक्तदाताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 74वें जन्मदिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में 74 जगह रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भवः अभियान आगामी दो अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। इसके तहत हर विधानसभा क्षेत्र में 10-10 रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसमें स्वयंसेवी संस्थाएं, एनएसएस, रेडक्रास सोसाइटी, स्काउट-गाइड्स, रोवर-रेंजर्स के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी विकास, पंचायतीराज, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी प्रतिभाग करेंगे।

उन्होंने बताया कि राज्य में रक्तदान के लिए दो लाख लोगों के पंजीयन का लक्ष्य है। इसके अलावा नेत्रदान, अंगदान, देहदान के लिये दस हजार लोग को शपथ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि अंगदान करने वालों के लिए सरकारी अस्पतालों में दधीचि वार्ड बनाए जाएंगे और उन्हें विशेष कार्ड भी दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत आयुष्मान कार्ड और आभा आइडी पर भी विशेष फोकस है। प्रदेश में अब तक 58.65 लाख लोगों की आभा आइडी बनी है। हर नागरिक की आभा आइडी बनाई जाएगी।अब तक 52 लाख आयुष्मान कार्ड बन गए हैं, 90 लाख बनाने हैं। प्रदेश में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी आधार पर गांवों को आयुष्मान ग्राम घोषित किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि आयुष्मान भवः अभियान के तहत स्वास्थ्य मेले भी आयोजित किए जाएंगे। ग्राम स्तर पर गैर संचारी रोग सहित टीबी, एनीमिया आदि की भी जांच कराई जाएगी।उन्होंने महापौर से सभी पार्षदों के साथ अभियान को लेकर बैठक करने को कहा ताकि वार्डवार अभियान की रणनीति तय की जा सके।

इस मौके पर महापौर सुनील उनियाल गामा ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की।

# डीएम ने बड़ेथी में रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने बड़ेथी गांव में रात्रि चौपाल में आम ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना।

शनिवार रात्रि को आयोजित चौपाल में गांव के अनेक समस्याओं का समाधान करने के साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों के उठाये गये मामलों का त्वरित व कारगर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर पशुओं के उपचार में उदासीनता बरते जाने की शिकायत पर क्षेत्रों में पशुपालन विभाग को गांव में चिकित्सा शिविर लगाने के भी निर्देश दिए।

# चमोली जिले के विभिन्न स्थानों पर निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

**स्वच्छता रैली**

**8 -रैली और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आम जनता को कूड़ा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
ह्यस्वच्छता ही सेवाह्न पखवाड़ा के तहत रविवार को चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर समेत अनेक स्थानों पर स्वच्छता रैली और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आम जनता को कूड़ा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया।

चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने कलेक्ट्रेट परिसर से स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सबके सहयोग और श्रमदान से सार्वजनिक स्थानों पर कूडे.की सफाई के साथ ही स्वच्छता की शपथ ली गई। स्वच्छता रैली में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सिविल जज सिमरनजीत कौर, परियोजना निदेशक आनंद सिंह सहित तमाम जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, गोपेश्वर नगर पालिका के पर्यावरण मित्र, विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल थे।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में इस बार ह्यकचरा मुक्त भारतह्न की संकल्पना को लेकर विविध जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पखवाड़े के दौरान दो अक्टूबर तक समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों, पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों में जन सहभागिता से वृहत स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और आम जनता को सूखे और गीले कूडे को घर से अलग करने, प्लास्टिक का उपयोग बंद करने, कचरा प्रबंधन और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का काम किया जाएगा।परियोजना निदेशक आनंद सिंह ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में 18 सितंबर को राज्य स्तर पर स्वच्छता ही सेवा का औपचारिक शुभारंभ, उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को सम्मान और स्वच्छता गीत का विमोचन किया जाएगा। पर्यावरण मित्रों के लिए 27 सितंबर को शिविर लगाकर स्वास्थ्य जांच सहित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। श्रमदान और सबके सहयोग से पर्यटक स्थलों, ट्रैक मार्गों एवं सार्वजनिक स्थानों पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। समस्त विकासखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर में एक अक्टूबर को स्वच्छता रैली एवं विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। गांधी जयंती पर अधिकाधिक ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की बैठक में स्वच्छता की शपथ ली जाएगी।

# दिल्ली अंडर 14 फुटबाल टीम में चुनी गईं हरिद्वार की तीन बालिकाएं

**सफलता**

**8 तीनों छात्राओं के अभिभावकों ने उनकी सफलता पर खुशी व्यक्त की है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद हरिद्वार का नाम रोशन करते हुए ब्राइट फ्यूचर फुटबॉल क्लब जगजीतपुर की तीन बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ये बालिका दिल्ली अंडर 14 टीम के लिए चयनित हुई हैं। इस प्रतियोगिता में दिल्ली की टीम का पहला मुकाबला 19 सितम्बर को आंध्र प्रदेश से होगा। छात्रा सिमरन और शिवान्शी डिवाइन लाइट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जगजीतपुर में पढ़ती हैं। जबकि छात्रा निष्ठा गांधी सेंट मैरी स्कूल में अध्ययनरत है। तीनों छात्राओं के अभिभावकों ने उनकी सफलता पर खुशी व्यक्त की है। फुटबाल कोच वंश शर्मा ने बताया कि तीनों छात्राओं का चयन दिल्ली अंडर-14 बालिका टीम के लिए हुआ है। 22 सदस्य टीम का चयन दिल्ली जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में किया गया था। कोच वंश शर्मा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि हरिद्वार की (उत्तराखंड) बेटियां इस प्रतियोगिता में अपना बेहतर प्रदर्शन करेंगी।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर ध्रुव हॉस्पिटल ने लगाया रक्तदान शिविर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भगवान विश्वकर्मा जयंती एवं भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर श्री ध्रुव चैरिटेबल ट्रस्ट हॉस्पिटल, श्यामपुर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन हरिद्वार के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष दत्त के द्वारा किया गया। निशुल्क चिकित्सा शिविर में 300 मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई, जबकि रक्तदान शिविर में 150 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया और आज 32 लोगों ने रक्त दान किया।

# नंदा लोकजात यात्रा का बेराधार गांव में हुआ स्वागत



**लोकजात यात्रा**

**8 सोमवार को लोकजात यात्रा दसवें पड़ाव थोकदारों के गांव फल्दिया जाएगी।**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
बधाण की नंदा लोकजात उत्सव डोली रविवार को अपने आठवें पड़ाव धरातल्ला गांव से पूजा अर्चना के बाद धरातल्ला गांव में होते हुए नवें पड़ाव बेराधार गांव पहुंची। सोमवार को लोकजात यात्रा दसवें पड़ाव थोकदारों के गांव फल्दिया जाएगी।

रविवार को धरातल्ला गांव में सैलपाति के आयोजन के बाद नंदा देवी के उत्सव डोली को लेकर नंदा भक्त धरातल्ला गांव से बेराधार गांव पहुंचे। बेराधार के प्रधान दीलवर सिंह, क्षेपंस खड़क सिंह, सुरेन्द्र सिंह, महावीर रावत, हरेंद्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, सरपंच रणजीत सिंह सहित तमाम महिलाओं ने मां नंदा का पंचस्वरों फूल मालाओं और जयकारों से स्वागत किया।

बेराधार में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आठू पूजन हुआ। देव पाश्वों ने देव नृत्य कर मां नंदा से गांव की सुख समृद्धि की कामना की है। बेराधार के आठू के लिए प्रवासी भारतीय गांव पहुंचे हुए है। रात्रि में देवी जागरण और अन्य धार्मिक अनुष्ठान किया जाएगा। नंदा के पुजारी राजेन्द्र प्रसाद, नरेश प्रसाद ने बताया है कि सोमवार को यात्रा सेलखोल से ईच्छोली में दिन का ब्रह्मभोज के बाद हाटकल्याणी गांव से रात्रि दसवें पड़ाव फल्दिया गांव जाएगी।

# मोदी के जन्मदिन पर भाजपा नगर मंडल पीपलकोटी में हुई दौड़

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पीपलकोटी की ओर से ह्यक्रॉस कंट्रीह्न दौड़ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें बालिका वर्ग, सीनियर वर्ग, जूनियर वर्ग के युवाओं ने प्रतिभाग किया।

क्रॉस कंट्री दौड़ मायापुर से शुरू होकर मेला ग्राउंड सेमलडाला मैदान तक आयोजित हुई। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को नगद पुरस्कार, मेडल और स्मृति चिह्न भेंट किये गये। क्रॉस कंट्री दौड़ के बालिका वर्ग में स्नेहा बिष्ट प्रथम, निधि कंडारी द्वितीय रही। जबकि जूनियर बालक वर्ग में विवेक



खत्री प्रथम, रवि शाह द्वितीय और सौरभ कुंवर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में सागर वर्मा प्रथम, अभिषेक पंत द्वितीय और अभिनव नेगी तृतीय रहे। इस मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र हटवाल, मंडल महामंत्री दीपक पंत, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित नेगी, पवन राणा, भूतपूर्व सैनिक ताजवर नेगी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मनीष नेगी, प्रशांत हटवाल, उमेश हटवाल, अनुज राणा, पारस शाह, वन पंचायत सरपंच मुकेश रावत आदि आदि मौजूद थे।

# कुटुम्ब व्यवस्था मजबूत होगी तो समाज मजबूत होगा

**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख नरेंद्र जी ने कहा कि कुटुंब व्यवस्था मजबूत होगी तो समाज मजबूत होगा।

वे यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जोशीमठ के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जोशीमठ के सभागार में परिवार प्रबोधन कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में परिवारों में विघटन हो रहा है, भौतिकता के युग में हम पश्चात संस्कृति को अपना रहे हैं और भारत की सनातन संस्कृति से हमारा ध्यान ओझल हो रहा है, यह स्थिति भारत जैसे आध्यात्मिक और



प्राचीन देश के लिए स्वीकार्य नहीं है।उन्होंने कहा कि हमने अपना खान-पान वेशभूषा एवं शिक्षा पश्चात संस्कृति पर आधारित अपना ली है, परिवारों के मुखिया-माता-पिता अपने बच्चों का प्रबोधन नहीं कर रहे हैं, जिस ओर हमें ध्यान देने की आवश्यकता है।

उनका कहना था कि भारत की कुटुंब व्यवस्था विश्व में अद्वितीय है, इस प्रकार की कुटुंब व्यवस्था विश्व के अंदर किसी भी संस्कृति में नहीं मिलती। यदि हम अपने बच्चों का प्रबोधन करेंगे अच्छे संस्कार व शिक्षा देंगे तो समाज की बहुत सारी बुराइयां स्वयं ही समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी कुटुंब व्यवस्था मजबूत होगी तो समाज मजबूत होगा और जिस देश का समाज सबल होता है वह देश विश्व का नेतृत्व करता है।उन्होंने कहा कि हम सब सनातनी और सनातन का अर्थ है, सदा बना रहे। हिन्दुत्व हमारी एक आदर्श जीवन पद्धति है जीवन में सद आचरण करना, सर्वे भवंतु सुखिनःकी भावना रखना , वसुदेव कुटुंबकम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा केवल सनातन एवं हिन्दुत्व जीवन पद्धति से ही आ सकता है और यह संस्कार हमें परिवार से मिलता है।इस अवसर पर नगर की भारी संख्या में मातृशक्ति प्रबुद्ध जनों के अलावा जिला संघचालक राजेंद्र पंत, जिला प्रचारक राहुल, विभाग प्रचार प्रमुख शंभू प्रसाद चमोला, नगर संघ चालक दाता राम मिश्रा, नगर कार्यवाह दर्वेश्वर थपलियाल, नगर बौद्धिक प्रमुख बद्री सिंह नेगी, नगर व्यवस्था प्रमुख दाताराम बर्थवाल, खंड कार्यवाह जगदंबा प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता माधव प्रसाद सेमवाल, सुभाष डिमरी, कृष्ण मणि थपलियाल, भगवती प्रसाद नंबूरी, ऋषि प्रसाद सती, किशोर पंवार आदि लोग मौजूद रहे।

# त्रिवेणी कॉलोनी के निवासियों ने कोतवाली में प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
चंद्रेश्वर नगर स्थित त्रिवेणी कॉलोनी के निवासियों ने क्षेत्र में अवैध नशा कारोबारी को संरक्षण देने वाले और उसके पक्ष में न्यूज चलाने वाले एक कथित पोर्टल के स्वामी के विरुद्ध ऋषिकेश कोतवाली में प्रदर्शन कर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

रविवार को त्रिवेणी कॉलोनी निवासी किशन मंडल ,नगर निगम पार्षद शिवकुमार गौतम, भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार ,देवदत्त शर्मा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दिनेश सती के नेतृत्व में कोतवाली में प्रदर्शन के दौरान दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि क्षेत्र में



पिछले कई वर्षों से एक महिला नशे का कारोबार करती है,वह महिला जो कई बार नशे का व्यापार करने के आरोप में जेल भी जा चुकी है। इसके पक्ष में एक न्यूज पोर्टल के स्वामी का संरक्षण प्राप्त होने के साथ समाज में भ्रामक खबरें चलाकर वह इस प्रकार के लोगों का बचाव करता है। इससे समाज का नुकसान हो रहा है। उन्होंने इस संबंध में कार्रवाई की मांग की है।

ऋषिकेश कोतवाली में प्रदर्शन करने वाले राजपाल ठाकुर, रूपेश गुप्ता, जैगुआर सिंह शैल देवी बीना देवी रेखा गुप्ता लीला देवी शीला देवी सहित काफी लोग उपस्थित थे।

## सुरेश रैना बोले- ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज में यह खिलाड़ी दिलाएगा टीम इंडिया को जीत

**मुंबई।** पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना का मानना है कि विश्व कप से पहले भारत के खिलाफ 3 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहेगा क्योंकि उनकी बल्लेबाजी में लचीलापन है और इस टीम के खिलाड़ियों को भारतीय परिस्थितियों की अच्छी समझ है। भारत रविवार को एशिया कप फाइनल में मेजबान श्रीलंका से भिड़ेगा। टीम इसके बाद विश्वकप में अपने अभियान को शुरू करने से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला में भाग लेगी। इस श्रृंखला का आगाज मोहाली में 22 सितंबर को होगा। इसके बाद इंदौर (24 सितंबर) और राजकोट (27 सितंबर) में मैच खेले जाएंगे। दोनों टीमें 8 अक्टूबर को चेन्नई में विश्व कप में एक-दूसरे का आमना सामना करेंगी।

रैना ने कहा कि उनके (ऑस्ट्रेलिया) पास बल्लेबाजी क्रम में दाएं और बाएं हाथ का अच्छा संयोजन है। इंदौर का मैदान बहुत छोटा है, और राजकोट की पिच सपाट है। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया ने मोहाली में काफी खेले हैं और इसलिए मेरा मानना है कि उनके पास जीत दर्ज करने का ज्यादा मौका होगा। रैना ने कहा कि इन छोटे मैदानों में 340-350 रन के लक्ष्य को भी पीछा करने में ज्यादा परेशानी नहीं होगी। किसी भी लक्ष्य के बचाव के लिए भारतीय टीम को काफी मजबूत गेंदबाजी इकाई को मैदान में उतारना होगा।साल 2011 के विश्व कप विजेता खिलाड़ी ने कहा कि इस श्रृंखला को 3-0 से जीतने या इसी अंतर से हारने का कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा लेकिन इस टूर्नामेंट से टीमों को आगामी विश्व कप के लिए अपने संयोजन को तैयार करने का मौका मिलेगा।

## पाकिस्तान को लगा बड़ा झटका, Naseem Shah वनडे विश्व कप से बाहर !

**दुबई ।** पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज नसीम शाह के भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में नहीं खेलने की संभावना है। सुपर 4 चरण में भारत के खिलाफ मुकाबले में नसीम के दाहिने कंधे पर चोट लग गई थी। बताया जा रहा है कि चोट से उभरने के लिए उन्हें एक साल तक लग सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नसीम गुरुवार को दुबई में एक्स-रे स्कैन के लिए गए थे और पहली रिपोर्ट से पता चलता है कि चोट पहले से अधिक गंभीर है।



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड किसी प्रतिस्थापन की तलाश कर सकता है, लेकिन अभी तक उनके भारत दौरे पर जाने वाली पाकिस्तानी टीम का हिस्सा बनने की संभावना नहीं है।

पीसीबी ने अभी तक नसीम की चोट पर आधिकारिक तौर पर अपडेट जारी नहीं किया है, लेकिन जैसे ही सेकेंडरी रिपोर्ट उपलब्ध होगी, वह अपडेट जारी कर सकता है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, नसीम को लंबी छुट्टी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया दौरे और पाकिस्तान सुपर लीग से भी बाहर हो जाएंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो जाने के बाद एशियाई क्रिकेट परिषद ने आगामी मुकाबले के लिए रिजर्व डे जोड़ा था जिसमें नसीम जख्मी हो गए। श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में उनकी जगह जमान खान ने ली। यह मैच पाकिस्तान ने 2 विकेट से गंवा दिया था और टूर्नामेंट से बाहर हो गए। नसीम के अलावा मोहम्मद हसनैन भी जख्मी हैं।

## बांग्लादेश से हार पड़ी भारी, Team India ने सभी फार्मेट में नंबर 1 होने का मौका गंवाया

**कोलंबो।** एशिया कप के सुपर 4 में बांग्लादेश के खिलाफ हार से भारत सभी प्रारूपों में रैंकिंग चार्ट पर राज करने का सुनहरा अवसर गंवा बैठा। बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले से पहले भारत 116 रेटिंग अंकों के साथ आईसीसी वनडे टीम रैंकिंग में नंबर 2 था। शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया 118 अंकों के साथ बना हुआ था। भारतीय टीम जो वर्तमान में टेस्ट और टी20ई रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए हुए है, के लिए वनडे में भी नंबर एक होने का मौका था। टीम इंडिया जब बांग्लादेश के खिलाफ खेल रही थी तो ऑस्ट्रेलिया टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे मुकाबला खेल रही है। वहां ऑस्ट्रेलिया को 164 रन से बड़ी पराजय झेलनी पड़ी। भारत अगर बांग्लादेश से जीत जाता तो उन्हें टीम रैंकिंग में इसका फायदा मिलना तय था लेकिन ऐसा हो नहीं पाया क्योंकि कोलंबो में टीम इंडिया को सुपर 4 के अंतिम मुकाबले में बांग्लादेश से 6 रन से हार झेलनी पड़ी थी।बांग्लादेश से हार के कारण भारत रैंकिंग में अब पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बाद 114 रेटिंग के साथ नंबर 3 पर खिसक गया। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान दोनों में मामूली रेटिंग का अंतर है। ऑस्ट्रेलिया की रेटिंग जहां 115.259 है तो वहीं पाकिस्तान की 114.889 चल रही है। अगर टीम इंडिया एशिया कप फाइनल में श्रीलंका को हरा दे और दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया अपना अंतिम वनडे दक्षिण अफ्रीका से हार जाए तो भी भारत रैंकिंग में नंबर 1 नहीं बन पाएगा।

# धर्मशाला में होने वाले एक दिवसीय विश्व कप क्रिकेट मैचों की मेजबानी पर छाए संकट के बादल

**धर्मशाला।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में सात अक्टूबर से होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के मैचों पर संकट के बादल छाने लगे हैं। पिछले लंबे समय से हो रही बारिश के चलते मैदान की घास को फंगस ने जकड़ लिया है जिसके चलते आउटफील्ड के खराब होने का खतरा बना हुआ है।

बताया जा रहा है कि हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टीम ने धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम का दौरा किया था जिसमें बतौर पिच कंसल्टेंट टीम के मुखिया एंडी एटकिंनसन ने मैदान का निरीक्षण करने के बाद आउटफील्ड की घास को लेकर लाल झंडी दिखाई है। हालांकि अभी कुछ ही दिनों में बीसीसीआई की टीम भी स्टेडियम का दौरा करने वाली है। उसके बाद ही मैदान की आउटफील्ड को लेकर सही तस्वीर सामने आएगी।

गौरतलब है कि आईसीसी के पिच कंसलटेंट टीम के मुखिया एंडी एटकिंनसन ने हाल ही में भारत में विश्व कप के लिए चयनित सभी वेन्यू का दौरा कर निरीक्षण किया है। एंडी ने धर्मशाला में निरीक्षण के बाद मैदान की आउटफील्ड को लेकर चिंता जताते हुए इस मुद्दे को बीसीसीआई के साथ भी उठाया है। एंडी ने अपने निरीक्षण में पाया कि मैदान में लगी बरमूडा घास को ग्रेड चार फंगस ने जकड़ लिया



है जिससे आउटफील्ड काफी खस्ताहालत में है। हालांकि एचपीसीए ने इस फंगस को हटाने के लिए तकनीकी तौर पर काम करना शुरू कर दिया है। उधर अगर बात हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) की करें तो उनका मानना है कि धर्मशाला स्टेडियम सात अक्टूबर को शुरू होने वाले आगामी क्रिकेट विश्व कप के पांच मैचों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। पिछले तीन महीनों में खराब मौसम की स्थिति का सामना करने के बावजूद, एचपीसीए ने खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए एक सहज और रोमांचक अनुभव देने के लिए अपनी तैयारी पूरी निष्ठा व लगन के साथ जारी रखी है। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए एचपीसीए की टीम बीसीसीआई के दिशा निर्देशों के मुताबिक काम कर रही है। उन्होंने बताया कि एचपीसीए ने असाधारण क्रिकेट माहौल बनाने के लिए स्टेडियम की सुविधाओं को बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मैदान और पिचें वास्तविक उछाल प्रदान करने के लिए जाने जाने वाले इस मैदान और इसकी नौ पिचों को उच्चतम मानकों पर पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया जा रहा है। मैदान में बारिश की स्थिति में जल निकासी प्रणाली स्टेडियम में अब वायु निकासी क्षमताओं के साथ एक अत्याधुनिक जल निकासी प्रणाली है, जो पानी को तुरंत बाहर निकाल कर खेल जल्द से शुरू करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में खिलाड़ियों सहित दर्शकों की हर सुविधा का खास ध्यान रखा जा रहा है।

# विश्व कप से पहले भारत को हराना हमारे लिए बहुत बड़ी बात : चंडिका हथुरुसिंघा

**कोलंबो।** एशिया कप के अंतिम सुपर फोर मुकाबले में भारत पर अपनी टीम की छह रनों की करीबी जीत के बाद, बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघा ने कहा कि आईसीसी विश्व कप से पहले भारतीय टीम को हराना उनके लिए बहुत बड़ी बात है। साथ ही उन्होंने अपनी टीम की गहराई पर खुशी जताई। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 5 अक्टूबर से भारत की मेजबानी में खेला जाएगा।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो के हवाले से मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघा ने कहा, विश्व कप में जाने से पहले भारत को हराना हमारे लिए बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा, हम बहुत आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं, खासकर इस टूर्नामेंट में जो हुआ उससे। हमने एशिया कप से पहले तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन इस टूर्नामेंट में हमें सामूहिक प्रयास करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। मैं कोई बहाना




नहीं बना रहा हूं, लेकिन हम कैंडी, लाहौर और कोलंबो जैसी विभिन्न परिस्थितियों में खेले। महत्वपूर्ण समय पर हमें कुछ चोटें आईं। मेरे लिए सुखद बात हमारे अन्य खिलाड़ियों की गहराई है। इस टूर्नामेंट से हमें 15 खिलाड़ियों का चयन करने के लिए वास्तव में अच्छी गहराई मिली है। कोच ने मेहदी की प्रशंसा की, जिन्हें टूर्नामेंट में श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच के बाद बाहर कर दिया गया था और वह अंतिम एकादश में एक वास्तविक ऑलराउंडर के रूप में अपनी जगह पक्की करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। हाथुरुसिंघा ने कहा, कुल मिलाकर, एक क्रिकेटर के रूप में, मैं मैदान पर उनके रवैये और आचरण से बहुत प्रभावित था। मैंने उन्हें पहले ज्यादा नहीं देखा था, लेकिन जब वह गेंदबाजी करते हैं तो बहुत आश्वस्त होते हैं। उन्होंने इस खेल में कुछ बड़े ओवर फेंके। उन्होंने हमें शुभमन गिल के विकेट के साथ मैच में वापसी दिलाई। इनके अलावा दो विकेट लेने वाले तंजीम ने सभी को चौंका दिया और संभावित विश्व कप चयन की संभावना बढ़ा दी। हथुरुसुसिंघे ने कहा, मुझे नहीं लगता कि उन्होंने अपनी संभावनाओं को कोई नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने वास्तव में विश्व कप चयन के लिए अपने हाथ आगे बढ़ा दिए हैं। अब तक, हम अपने चार तेज गेंदबाजों को बिना किसी चोट के आगे बढ़ने की कोशिश करने के बारे में सोच रहे थे। जैसा कि आप जानते हैं कि इबादत हुसैन विश्व कप के लिए नहीं है। मुझे लगता है कि तंजीम ने हमें दिखाया कि वह क्या करने में सक्षम है।

## टिम साउदी के दाहिने अंगूठे की हड्डी टूटी, विश्व कप में खेलने पर संदेह

**लंदन।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी की विश्व कप में भागीदारी संदेह के घेरे में है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने एक बयान में कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय उनके दाहिने अंगूठे की हड्डी टूट गई है।



एनजेडसी ने एक बयान में कहा, एक्स-रे से पुष्टि हुई है कि पहली पारी के 14वें ओवर में कैच लेने का प्रयास करते समय टिम साउदी के दाहिने अंगूठे की हड्डी खिसक गई है और फ्रैक्चर हो गई। उनके ठीक होने की समयसीमा उनके आगे के मूल्यांकन के बाद की जाएगी। एनजेडसी ने कहा कि बल्लेबाज फिन एलन, जिन्हें स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक के रूप में पिच पर चोट लगी थी, अब फिट हैं। बता दें कि चार मैचों की एकदिनी श्रृंखला में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हरा दिया है। न्यूजीलैंड को अब तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में बांग्लादेश से भिड़ना है, जिसके लिए साउथी को आराम दिया गया है। बांग्लादेश के खिलाफ अपनी श्रृंखला के बाद, न्यूजीलैंड भारत में 50 ओवरों के विश्व कप के अपने शुरुआती मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा।

# बांग्लादेश के लिए 150 वनडे विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज बने मुस्तफिजुर रहमान

**कोलंबो।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान ने 150 एकदिवसीय विकेट पूरे कर लिए हैं और ऐसा करने वाले वह अपने देश के चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। रहमान ने कोलंबो में भारत के खिलाफ बांग्लादेश के एशिया कप सुपर फोर मुकाबले के दौरान वह उपलब्धि हासिल की।

मैच में रहमान ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 50 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और शार्दुल ठाकुर के विकेट हासिल किए। रहमान ने 91 मैचों में 24.54 की औसत और 5.08 की इकॉनमी रेट से 151 विकेट लिए हैं। वनडे में उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 6/43 है। अब्दुर रज्जाक (207



विकेट), मशरफे मुर्तजा (269 विकेट) और शाकिब अल हसन (308 विकेट) के बाद रहमान वनडे में बांग्लादेश के लिए चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। मैच की बात करें तो भारत ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। एक समय बांग्लादेश की टीम केवल 59 रन पर 4 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, हालांकि, कप्तान शाकिब (85 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 80 रन) और ह्रदयॉय (81 गेंदों में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 54 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी की। निचले क्रम में, नसुम अहमद (45 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के के साथ 44), मेहदी हसन (23 गेंदों में तीन चौकों के साथ 29) और तंजीम (आठ गेंदों में 14*) ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर बांग्लादेश को 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 265 रनों के प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। भारत की तरफ से शार्दुल ठाकुर ने तीन और मोहम्मद शमी ने दो विकेट लिए। अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा और प्रसिद्ध कृष्णा को एक-एक विकेट मिला।

## भावुक Andy Murray ने रोते हुए दादी को समर्पित की जीत

**मैनचेस्टर।** 3 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता एंडी मरे ने डेविस कप फाइनल्स के ग्रुप चरण में ब्रिटेन को स्विट्जरलैंड पर 2-1 की जीत दिलाने के बाद रोते हुए बताया कि वह यहां खेलने के लिए अपनी दादी के अंतिम संस्कार में भी नहीं जा सके। मरे ने लिएंड्रो रिडी को 6-7 (7), 6-4, 6-4 से हराकर ब्रिटेन को जीत से शुरुआत कराई।

मैच के बाद मरे ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए काफी मुश्किल है। मेरी दादी का आज अंतिम संस्कार है। मैं वहां नहीं जा सका लेकिन दादी यह जीत तुम्हारे लिए। मरे फिर वापस अपनी बैंच पर लौटकर तौलिए में मुंह छिपाकर रोने लगे। उन्होंने बाद में बताया कि जब उन्होंने अपने पिता से बात की कि उन्हें खेलना चाहिए या नहीं तो उन्होंने कहा कि वह (दादी) तुम्हें खेलते हुए देखना चाहती थी और सुनिश्चित करना कि तुम इस मैच में जीत जाओ। मैंने ऐसा ही किया।

स्टान वावरिंका ने कैमरोन नौरी को हराकर मुकाबला बराबर कराया। पर डान इवांस और नील स्कुपस्की की जोड़ी ने वावरिंका और डोमिनिक स्ट्राइकर को हराकर ग्रुप बी में ब्रिटेन की जीत सुनिश्चित की। ब्रिटेन ने आस्ट्रेलिया पर 2-1 की जीत से शुरुआत की थी जिससे टीम फाइनल 8 में पहुंच गई है। नोवाक जोकोविच ने ग्रुप सी में स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच पर 6-3, 6-4 की जीत से सर्बिया का अंतिम-8 में स्थान सुनिश्चित किया। सर्बिया ने स्पेन को 3-0 से हराया।

# एशिया-प्रशांत एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे रेहान थॉमस

**नई दिल्ली।** भारत के प्रसिद्ध गोल्फ खिलाड़ी रेहान थॉमस 26-29 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया के द रॉयल मेलबर्न गोल्फ क्लब में होने वाले 2023 एशिया-प्रशांत एमेच्योर चैंपियनशिप में सात सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। रेहान के अलावा टीम में कार्तिक सिंह, शौर्य भट्टाचार्य, राघव चुघ, कृष्णव निखिल चोपड़ा, वेदांत सिरोही और युवराज सिंह शामिल हैं।

एशिया पैसिफिक एमेच्योर चैम्पियनशिप दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंटों में से एक है। यह एशिया पैसिफिक गोल्फ कनफेडेरेशन, आर एंड ए और ऑगस्टा नेशनल मास्टर्स समिति द्वारा आयोजित किया जाता है। इसके विजेता को साल की पहली मेजर चैंपियनशिप, मास्टर्स टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिलता है, जबकि टूर्नामेंट में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को



दुनिया की सबसे पुरानी और प्रमुख चैंपियनशिप, ब्रिटिश ओपन के अंतिम क्वालीफाइंग राउन्ड में प्रवेश मिलता है। इस बार, भारत में गोल्फ के लिए राष्ट्रीय खेल महासंघ, इंडियन गोल्फ यूनियन ने अनुभवी खिलाड़ी रेहान थॉमस के नेतृत्व में एक मजबूत टीम का चयन किया है रेहान 2018 में सिंगापुर में आयोजित एशिया-पैसिफिक एमेच्योर चैंपियनशिप में खिताब के नजदीक पहुँच गए थे, लेकिन उन्हें संयुक्त रूप से दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा था। चैंपियनशिप के 10 साल के इतिहास में यह किसी भी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। 2009 में आयोजित पहले संस्करण के बाद से भारत इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतना चाह रहा है। रेहान के बाद अब तक भारतीयों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन खलिन जोशी का रहा है। वह 2010 में 9वें स्थान पर रहे थे। हालांकि इस साल नई भारतीय टीम से इंडियन गोल्फ यूनियन के प्रेसीडेंट ब्रिजिंदर सिंह को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। आईजीयू अध्यक्ष ब्रिजिंदर सिंह ने कहा , 'भारत 2009 से एशिया-पैसिफिक एमेच्योर चैंपियनशिप में भाग ले रहा है।

# ट्रैविस हेड के बाएं हाथ में फैक्चर, विश्व कप में खेलने पर संशय

**सेंचुरियन।** ऑस्ट्रेलिया इस बात को लेकर चिंतित है कि बाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड अपने बाएं हाथ में फैक्चर के बाद आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में खेलने के लिए समय पर फिट हो पाएंगे या नहीं। सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे एकदिवसीय मैच के दौरान तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी की गेंद को खींचने की कोशिश में हेड को चोटिल होकर रिटायर हर्ट होना पड़ा और मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने खेल खत्म होने के बाद फैक्चर की पुष्टि की, यह मैच ऑस्ट्रेलिया 164 रनों से हार गया था। आईसीसी मैकडोनाल्ड्स के हवाले से कहा, यह एक निश्चित फैक्चर है। इसके लिए किस प्रकार की समय-सीमा दी गई है, इसका आकलन कल किया जाएगा। मुझे लगता है कि



इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए वह कल और अधिक स्कैन के लिए जाएंगे, फिर हम आगे इस पर कुछ कह सकेंगे।

हेड, जो इस साल ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच थे, जहां ऑस्ट्रेलिया ने 209 रन से जीत दर्ज की थी, को वनडे विश्व कप के लिए प्रारंभिक 15-खिलाड़ियों की टीम में शामिल किया गया है। अब 29 वर्षीय हेड को 8 अक्टूबर को चेन्नई में मेजबान भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच के लिए फिट होने के लिए कड़ी मेहनत का सामना करना पड़ रहा है। यदि हेड को बाहर कर दिया जाता है, तो ऑस्ट्रेलिया के पास उनकी जगह लेने के लिए मार्नस लाबुशेन और टिम डेविड हैं। विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने वाली टीमों को टूर्नामेंट के लिए अपनी अंतिम 15-खिलाड़ियों की सूची आईसीसी को सौंपने के लिए 28 सितंबर तक का समय है और उस तारीख के बाद ही कार्यक्रम आयोजकों की अनुमति से बदलाव किए जा सकते हैं।

# भारतीय हॉकी टीम में चुने जाने पर गोलकीपर बिचू देवी ने कहा-संघर्ष और बलिदान का फल मिल गया

**बेंगलुरु।** मणिपुर में पली-बढ़ी, बिचू देवी खारीबाम एक फुटबॉलर बनने की ख्वाहिश रखती थीं। लेकिन नियति ने उसके लिए कुछ और ही सोच रखा था, वह आज भारत की जानी मानी हॉकी खिलाड़ी हैं।

बिचू ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, 'मणिपुर से होने के कारण फुटबॉल को चुनना मेरे लिए स्वाभाविक था। मुझे खेल खेलना पसंद था, लेकिन यह मेरे पिता ही थे जिन्होंने सुझाव दिया कि मुझे हॉकी में हाथ आजमाना चाहिए क्योंकि इससे फुटबॉल टीम में जगह नहीं बन पा रही थी। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मुझे हॉकी पसंद नहीं आएगी तो वह फुटबॉल में वापस आ सकती है।' उन्होंने कहा, एक बार जब मैंने खेलना शुरू किया, तो मुझे खेल से प्यार होने लगा। मैं एक स्ट्राइकर के रूप में खेलती था लेकिन मैदान पर मेरी चपलता और मेरी ऊंचाई को देखते हुए, मेरे एक कोच ने मुझे गोलकीपिंग में हाथ आजमाने की सलाह दी। शुरुआत में यह मेरे लिए कठिन था, हालांकि, जैसे-जैसे समय बीतता गया, मैंने इसे अपनाना शुरू कर दिया। यह सच है कि जो कुछ भी होता है, अच्छे के लिए होता है। अगर यह सब नहीं होता, तो मैं यहां नहीं होती।' हॉकी स्टिक उठाए हुए लगभग एक दशक बिताने के बाद, मणिपुर की युवा खिलाड़ी 19वें एशियाई खेलों के लिए हांगझू जा रही है, जहां भारत स्वर्ण के लिए प्रतिस्पर्धा करेगा।

अर्जेंटीना में 2018 युवा ओलंपिक में अपनी सफलता हासिल करने के बाद से उनका करियर तेजी से आगे बढ़ रहा है, जहां भारत ने ऐतिहासिक रजत पदक जीता था। अगले वर्ष, डबलिन में 4 देशों के जूनियर महिला आमंत्रण टूर्नामेंट में उन्हें 'टूर्नामेंट की गोलकीपर' नामित किया गया। फिर उन्हें एफआईएच प्रो लीग 2021/22 में सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। वह उस टीम का भी हिस्सा थीं जिसने 2022 में स्पेन में उद्घाटन एफआईएच महिला नेशंस कप जीता था।सीधे पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने के लक्ष्य के साथ बिचू ने एशियाई खेलों के लिए टीम में चुने जाने पर उत्साह व्यक्त किया।

उन्होंने कहा, 'यह आश्चर्यजनक लगता है कि मैं 19वें एशियाई खेलों हांगझू 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व करूंगी। उन सभी वर्षों के संघर्ष और बलिदान का आखिरकार फल मिल गया है। उच्चतम स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना हर खिलाड़ी का सपना होता है और मैं आभारी हूं कि इस सपने को जीने का मेरा समय आ गया है। हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित विदाई समारोह के लिए बेंगलुरु में परिवार का होना बिचू के जीवन के सबसे अच्छे क्षणों में से एक है। उन्होंने कहा, हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित सुनहरा सफर समारोह के लिए बेंगलुरु में मेरे परिवार का होना बहुत खास था। जब मेरे परिवार को मेरी भारत की जर्सी पेश करने के लिए मंच पर बुलाया गया तो उनके चेहरे पर जो मुस्कान थी, वह मेरे लिए बहुत मायने रखती थी।

